मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-360
23/08/2022

मुख्यमंत्री ने 'सोने का हाथ' पुस्तक का किया विमोचन

पटना, 23 अगस्त 2022 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने पूर्वी पटेल नगर स्थित राज रेटीना एंड आई केयर सेंटर में प्रसिद्ध नेत्र चिकित्सक और विश्वविद्यालय सेवा आयोग के अध्यक्ष डॉ0 राजवर्धन आजाद द्वारा रचित पुस्तक 'सोने का हाथ' का विमोचन किया। 'सोने का हाथ' पुस्तक एक चिकित्सक की दिनचर्या से निकली संस्मरणात्मक कहानियों का संग्रह है।

इस अवसर पर बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के उपाध्यक्ष डॉ0 उदयकांत मिश्रा, मुख्यमंत्री के अतिरिक्त परामर्शी श्री मनीष कुमार वर्मा एवं जदयू शिक्षा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ0 अमरदीप उपस्थित थे।

******